**Title:** Need to ensure smooth functioning of telephones in Banaskantha Parliamentary Constituency of Gujarat.

**श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा) :** महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकाठा में टेलीफोन व्यवस्था ठप्प है। जो टेलीफोन खराब होता है, वह खराब ही रहता है और नये टेलीफोन जो लग रहे हैं, वह एक-दो दिन ही काम करते हैं। मैंने जब इस संबंध में टेलीफोन अधिकारी से बात की तो उन्होंने बताया कि बिजली की कमी है, बैटरी बहुत लो है, ओ.एफ.सी. केबल नहीं है। चाहे जो भी कमी हो, टेलीफोन अधिकारियों का काम टेलीफोन ठीक रखना है। इसके लिए उपभोक्ता किराया देते हैं। देखा यह गया है कि खराब टेलीफोन को ठीक करने में टेलीफोन कर्मचारी कोई रुचि नहीं लेते हैं और शिकायतों का निपटारा व्यवस्था के साथ नहीं किया जाता है।

मैं सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि इसकी जांच की जाये तथा खराब टेलीफोन समय पर ठीक कराए जाएं।